दिन–मंगलवार दिनांक– 07 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

प्रदेश में चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहित लागू हो गयी है। साथ ही सभी जिला प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहित– दो हजार तेईस की धार एक सौ तिरेसठ के तहत निषेधाज्ञा भी लागू कर दी है। इसके तहत किसी भी व्यक्ति, राजनीतिक दल या संगठन के द्वारा राजनैतिक प्रयोजन से संबंधित किसी भी सभा, जुलूस, धरना या प्रदर्शन तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग बिना सक्षम पदाधिकारी की अनुमति के नहीं किया जा सकेगा। साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग रात्रि दस बजे से सुबह छह बजे तक वर्जित रहेगा।

———————————————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण वाले एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का आज अंतिम दिन है। वहीं, दूसरे चरण के चुनाव के लिए एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्र के लोग दस अक्टूबर तक मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि से दस दिन पहले तक मतदाता सूची में पंजीकरण करवाया जा सकता है।

———————————————————————————

विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद एनडीए और महागठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर बैठकों का दौर शुरू हो गया है। नई दिल्ली में भाजपा के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान और पार्टी के प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर रहे हैं। बैठक में सीट शेयरिंग को लेकर चर्चा हो रही है। इधर, महागठबंधन ने भी सीटों के बंटवारे को लेकर आज पटना में घटक दलों की एक बैठक बुलाई है। इस बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा, वामपंथी दलों और राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के बीच सीट बंटवारे को लेकर मुख्य रूप से चर्चा होने की संभावना है। इस बीच, कांग्रेस के

वरिष्ठ नेता अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा है कि महागठबंधन में कुछेक सीटों पर मामला फंसा हुआ है। जल्द ही इस पर भी अंतिम फैसला हो जाएगा।

———————————————————————————————

इधर, जदयू की एक महत्वपूर्ण बैठक पार्टी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर हो रही है। बैठक में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी समेत कई अन्य नेता मौजूद हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस बैठक में जदयू अपने कोटे की सीटों और उम्मीदवारों पर मंथन कर रही है।

———————————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर कोई विवाद नहीं है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि एनडीए के सभी नेता सुलझे हुए हैं और सभी का एक मात्र लक्ष्य विकसित बिहार बनाना है।

———————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश में पिछले ग्यारह वर्षों में उल्लेखनीय बदलाव आया है। प्रधानमंत्री ने शासनाध्यक्ष के रूप में देश की सेवा के पच्चीसवें साल में प्रवेश करने पर लोगों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण प्रयासों से महिला, युवा और किसान सशक्त हुए हैं तथा पच्चीस करोड से अधिक लोग गरीबी से बाहर आये हैं। श्री मोदी ने कहा कि भारत का वैश्विक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यापक सुधार किए हैं। सरकार का उद्देश्य सभी क्षेत्रों में देश को आत्मनिर्भर बनाना है, जिसमें गर्व से कहो ये स्वदेशी है का आह्वान नजर आए। उन्होंने कहा कि देश की सेवा करना उनके लिए सबसे सम्मान की बात है।

———————————————————————————————

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र के कमजोर पड़ने से राज्य में बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज राज्य के पूर्वी भाग के कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ मेघगर्जन और हल्की बारिश की संभावना है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज के ठाकुरगंज में अट्ठाईस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुयी है।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।